मूल्य रु. ५-००

# श्री स्वामिनारायण

मासिक

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महिने की ११ तारीख - सलंग अंक १७५ - फरवरी-२०२२




प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.

॥ શ્રી હરિ વિજયતે ॥

# ॥ નિમંત્રણમ્ ॥



સ્વસ્તિ શ્રી દેશ દેશના ત્યાગી ગૃહી બાઈ-ભાઈ સમસ્ત સત્સંગી જોગ શ્રીનગર-અમદાવાદ મહાશુભસ્થાને બિરાજમાન ભરતખંડના અધિષ્ઠાતા શ્રી નરનારાયણ ભગવાનના ચરણકમળ સમીપથી શ્રી નરનારાયણદેવ દેશ પીઠસ્થાનથી લિખિતંગ ધર્મકુળના શુભાશિર્વાદ સહ જય સ્વામિનારાયણ વાંચશો।

જત જણાવવાનું કે અમારા ઘણા અને આપણાં ઇષ્ટદેવ ભગવાન શ્રી સ્વામિનારાયણે સંપ્રદાયમાં સર્વપ્રથમ શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર અમદાવાદમાં શ્રી નરનારાયણદેવની પ્રતિષ્ઠા કરી તે કલ્યાણકારી પ્રસંગને વિ.સં. ૨૦૭૮ ફાલ્ગુન સુદિ ત્રીજ શનિવારના દિવસે ૨૦૦ વર્ષ પૂર્ણ થઇ રહ્યા છે। તે અવસરને સંભારી રાખવા ભુવનના સંભારણા સમાન **પર્વ** વિ.સં.૨૦૭૮ના મહા વદિ ૧૧ તા.૨૭-૨-૨૦૨૨ને રવિવાર થી ફાલ્ગુન સુદિ ત્રીજ તા.૫-૩-૨૦૨૨ શનિવાર પર્યન્ત ઉજવાશે તેમાં આપણે હરિભક્તો ભેગા મળીને શ્રીજી મહારાજને પ્રસન્ન કરવા સેવા અને સત્સંગના અનેકાનેક ઉપાયો કરશો।

તો આ **પર્વ** નો સહભાગી થવા તન-મન-ધનથી સેવા-સત્સંગનો લ્હાવો લેવા આપ સૌને હેતે કરીને નિમંત્રણ પાઠવીએ છીએ।

આચાર્ય મહારાજશ્રી સાહેબ    મોટા મહારાજશ્રી સાહેબ    લાલજી મહારાજશ્રી સાહેબ

ધર્મકુળ પરિવાર
શ્રી નરનારાયણદેવ દેશ પીઠસ્થાન
શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર, અમદાવાદ કેન્દ્ર






**संस्थापक**

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com



श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी
( महंत स्वामी )
मो. ९३१३७१९२३२



**पत्र व्यवहार**

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
मो. ९३१३७०६०९५
magazine@swaminarayan.in
www.swaminarayan.info
पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in


# श्री स्वामिनारायण


**श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र**






**वर्ष - १५ ● अंक : १७५ ● फरवरी-२०२२**


## अ नु क्र म णि का


| | | |
|---|---|---|
| ०१. | अस्मदीयम् | ०४ |
| ०२. | पर्व कार्यक्रम | ०५ |
| ०३. | प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री, प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा | ०७ |
| ०४. | दान – दक्षिणा | ०८ |
| ०५. | श्रीहरि के वंशज के मुख से अमृतवचन | १० |
| ०६. | कडी | १२ |
| ०७. | श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से | १४ |
| ०८. | भक्ति सुधा | १५ |
| ०९. | सत्संग समाचार | १७ |

# अस्मदीयम्



वसंत ऋतु के आगमन के साथ मानव ह्रदय के अंदर उत्साह और आनंद की लहर आ जाती है । चाहे सामाजिक कार्य हो, या धार्मिक कार्य हो या बड़े-बड़े त्योहार, उत्सव और पर्व आये हो । सूर्य का उत्तरायण में आने से ही शुभ घडी एवम् मुहूर्त की कतार लग जाती है । इस में से एक राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस और ज्ञान का महापर्व वसंत पंचमी, सर्वावतारी भगवान श्री स्वामिनारायण के मुख से कहे गये । संसार के जीवो के हित हेतु सर्वजीव हितकारी अपौरुषेय अमृतवाणी श्री शिक्षापत्री सभी शास्त्रोके ज्ञान के भंडार का पृथ्वी पर प्रकाशित किया गया । उसी प्रकार मोक्ष का आधार ( अवलम्ब ) महामंदिर में सर्वश्रेष्ठ और पृथ्वी पर सर्वप्रथम परमात्मा के खुशी अनुसार निर्मित किया गया शिखर बद्ध महामंदिर में अपना ही स्वरुप ऐसे सर्वोपरी भगवान श्री नरनारायण दिव्य स्वरुप को स्थापित किये है । वह समय २०० वर्ष पूर्ण होने जा रहा है । इस महाप्रव की तैयारी अवरित उत्साहपूर्वक चल रही है । जिसका दर्शन ध्वज वंदन के साथ राष्ट्रीय दिवस के उत्सव में पूर्ण हुआ । अब पूर्ण पर्व का दर्शन हो । उसके लिये हम सभी तन, मन, धन से सेवा में और भजन-भक्ति में जुडकर अपने आराध्यदेव की आराधना करके उनकी सम्पूर्ण कृपा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त करे । यही हम सब को करना है ।

संपादकश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

# पर्व कार्यक्रम

**ता. २७-०२-२०२२, रविवार, माघ वद-११/१२**

| | |
|---|---|
| ७:३० | चार वेद की पूजा ( कालुपुर मंदिर ) |
| ८:३० | पोथीयात्रा |
| ९:०० | उत्सव स्थल का उद्घाटन |
| ९:३० | मंदिर की आरती उत्सव स्थल पर |
| ९:४० | सभा मंडप प्रवेश |
| १०:०० | पोथी पूजन |
| १०:०० से ११:०० | कथा |
| ११:०० से १२:०० | विशेष कार्यक्रम |
| १२:०० | वी.आर. और प्रदर्शन का उद्घाटन |
| २:०० से ३:०० | कोविड जागृति, स्वास्थ्य मार्गदर्शन तथा और्गेनिक खेती और हस्तकला का उद्घाटन |
| ३:३० से ५:०० | कथा |
| ५:०० से ६:३० | विशेष कार्यक्रम |
| ७:०० | साबरमती मैया की समूह आरती श्री नरनारायणदेव जन्म स्थान नारणघाट |
| ८:३० से ११:०० | सांस्कृतिक कार्यक्रम पद्मश्री भिखुदान गढवी और गीताबेन रबारी |

**ता. २८-०२-२०२२, सोमवार, माघ वद-१३**

| | |
|---|---|
| ९:०० से १०:३० | कथा |
| १०:३० से १२:०० | विशेष कार्यक्रम |
| २:०० से ३:०० | मेडीटेशन तथा हेरिटेज कार्यक्रम |
| ३:३० से ५:०० | कथा |
| ५:०० से ६:३० | विशे, कार्यक्रम |
| ८:३० से १०:३० | सांस्कृतिक कार्यक्रम |

**ता. ०१-०३-२०२२, मंगलवार, माघ वद-१४**

| | |
|---|---|
| ७:३० से ९:०० | महापूजा |
| ९:०० से १०:३० | कथा |
| १०:३० से १२:०० | विशेष कार्यक्रम |
| २:०० से ३:०० | आर्गेनिक खेती के विषय में मार्गदर्शन |
| ३:३० से ५:०० | कथा |
| ५:०० से ६:३० | विशेष कार्यक्रम |
| ८:३० से १०:३० | ड्रोन शो, लाईट शो और आदित्य गढवी, भौमिक शाह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम |

**ता. ०२-०३-२०२२, बुधवार, माघ वद-३०**

| | |
|---|---|
| ७:३० से ९:०० | महापूजा |
| ९:०० से १०:३० | कथा |
| १०:३० से १२:०० | विशेष कार्यक्रम |
| २:०० से ३:०० | महिला मंच |
| ३:३० से ५:०० | कथा |
| ५:०० | यज्ञ के यजमानो के शरीर की शुद्धिकरण |
| ५:०० से ६:३० | विशेष कार्यक्रम |
| ८:३० से १०:३० | सांस्कृतिक कार्यक्रम किंजल दवे |

**ता. ०३-०३-२०२२, गुरुवार, फाल्गुन सुद-१**

| | |
|---|---|
| ९:०० से ११:०० | यज्ञ |
| ९:०० से १०:३० | कथा |
| १०:३० से १२:०० | विशेष कार्यक्रम |
| २:०० से ३:०० | पर्यावरण के बार में समझाना |
| ३:३० से ५:०० | कथा |
| ४:०० से ६:०० | यज्ञ |
| ५:०० से ६:३० | विशेष कार्यक्रम |
| ८:३० से १०:३० | सांस्कृतिक कार्यक्रम कैलास खेर |

**ता. ०४-०३-२०२२, शुक्रवार, फाल्गुन सुद-२**

| | |
|---|---|
| ९:०० से ११:०० | यज्ञ |
| ९:०० से १०:३० | कथा |
| १०:३० से ११:०० | धर्मकुल पूजन, संत पूजन तथा सांख्ययोगी बहनो का पूजन |
| ११:०० से १२:०० | विशेष कार्यक्रम |
| २:०० से ३:०० | मेन्टल हेल्थ के विषय में डॉ. अजीत सोहानी |
| ३:३० से ५:०० | कथा |
| ४:०० से ६:०० | यज्ञ |
| ५:०० से ६:३० | विशेष कार्यक्रम, दाताओ को सन्मान, श्री नरनारायणदेव की सुवर्णतुला |
| ८:३० से १०:३० | सांस्कृतिक कार्यक्रम फाल्गुनी पाठक |

**ता. ०५-०३-२०२२, शनिवार, फाल्गुन सुद-३**

| | |
|---|---|
| ६:३० से ७:१५ | श्री नरनारायणदेव का अभिषेक |
| ७:१५ से ७:३० | निज मंदिर की समूह आरती |
| ७:४५ | वेद पाठकी पूर्ति |
| ९:०० से ९:३० | कथा पूर्णाहुति |
| ९:३० से ११:०० | विशेष अतिथी का सन्मान |
| ११:०० से १२:०० | श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुप का आशीर्वाद वचन |
| ३:०० से ४:०० | स्वयं सेवक सन्मान |

## प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री कार्यक्रम की रुपरेखा (जनवरी-२०२२)

२६ पर्व महोत्सव के स्थल पर अपने शुभ उपस्थिति में गणतंत्र दिवस पर ''पर्व'' महामहोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल राष्ट्रध्वज शोभायात्रा, संत-हरिभक्तो के विशाल समुदाय के साथ उत्साह पूर्वक किया गया।

२८ संत महादीक्षा आपके कर कमलो द्वारा पूर्ण किये।

## प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा (जनवरी-२०२२)

२ श्री स्वामिनारायण मंदिर एप्रोच बापूनगर आदि मंदिरो द्वारा आयोजित शाकोत्सव के अवसर पर आगमन - नरोडा।

८ श्री स्वामिनारायण मंदिर चराडवा शाकोत्सव के अवसर पर आगमन।

९ शेर ( ता. विरमगाम ) गाँव में शाकोत्सव के अवसर पर आगमन।

२६ गणतंत्र दिवस के अवसर पर ''पर्व'' महामहोत्सव के उपलक्ष्य में अध्यक्ष स्थान पर राष्ट्रध्वज के साथ शौर्य यात्रा, जमीयतपुरा पर्व महोत्सव के स्थल पर उत्साह पूर्वक मनाया गया था।



# दान - दक्षिणा

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास ( जेतलपुरधाम )

दान और दक्षिणा मे अधिक अन्तर होता है। प्रायः लोग दान-दक्षिणा शब्द का प्रयोग प्रत्येक के साथ करते है। दान अर्थात् जब कोई पुण्य अवसर तीर्थयात्रा अवसर कोई ब्राह्मण-साधु-अतिथि-अभ्यागत इत्यादि को धन पदार्थ यथा शक्ति - यथा श्रध्धा योग्य समय दिया जाय तो उसे दान कहा जाता है। दान पवित्र सुपात्र को देने पर अतिशय श्रेष्ठ अपने कल्याणकारी कार्य को करके दे तो अथवा धन शुद्धि के रुप में दे तो उसे दान कहा जाता है।

दान और दया दान में अंतर होता है। दान सुपात्र को ( ब्राह्मण-साधु-अतिथि-अभ्यागत ) दिया जाता है। और दयादान किसी भी जरुरतमंत मानव हो या पशु-प्राणी-पक्षी-कीट पतंग की दयाजनक अवस्था को देखकर पालन पोषण सहायता दी जाये। वह दयादान कहलाता है। इसमें कोई योग्य अयोग्य - सुपात्र, कृपापात्र ज्ञाति, पाँति-कुल-धर्म-कर्म-शक्त, अशक्त जैसे गुण नही देखे जाते है। उनकी स्थिति तथा शक्ति समय संयोग देखकर मन में दया पैदा हो जाती है। इसमें धन, वस्त्र, बर्तन, भोजन जो कुछ भी दिया जाता है। उसे दयादान की संज्ञा दी जाती है। हमारे धर्मशास्त्रो के सिद्धान्तनुसार दान तथा दयादान करने वाले को कई गुणा फल भगवान देते है। वह जीव सुखी हो जाता है। मनुष्य को सभी जीवो पर दया करना चाहिए। उसे मानव धर्म कहते है। क्योकि ये लोग देहधारी मनुष्य पर आधारित है। ग्रन्थ जीव-प्राणी को आपतकाल-कष्ट में से दूर करे। यह मानव का कर्म है। संसार के सभी जीवन जन्तु को बन्धुत्व की भावना से देखना मानव धर्म कहा जाता है। दयादान शत्रुमित्र मे भेद नही करता है। विपत्ति के समय अपनी शक्ति के अनुसार उनकी रक्षा करना चाहिए। दीन-दुःखी पीडित समझकर दया करना ही दयादान कहा जाता है।

दान करना हो तो संकल्प करने के बाद दे सकते है। इसके तीन प्रकार है।

( १ ) योग्य देश, योग्य काल और योग्य पात्र के लिये प्रतिउपकार की अपेक्षा बिना निस्वार्थ भाव से दी जाये। उसे सात्विक दान कहते है।

( २ ) क्लेशपूर्वक : प्रति उपकार की अपेक्षा से किसी फल की लालच रखकर तो उसे राजसदान कहा जाता है।

( ३ ) सत्कार्य बगैर, तिरस्कार पूर्वक अयोग्य देश काल में कुपात्र को दिये दान की तमस दान कहते है। इन तीनो में सात्विक दान सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

श्री स्वामिनारायण भगवानने श्रीमद् सत्संगी जीवन ग्रंथ में दान ग्रहण करने की विधि भी बताये है। प्राणियो पर हिंसा करने वाला, तेल निकालने वाला, शराब बेचने वाला, वैश्यावृत्ति करने वाला और धर्म विहीन राजा इन पाँच के पास से दान नही लेना चाहिए। उसी प्रकार काला लोहा, काला-सफेद तिल, भैंस, तेल, नमक तिल घेनु और मणि इन सातो का दान स्वीकारना अतिशय भयानक होता है।

दक्षिणा किसे कहा जाता है। जो हम प्रतिदिन, शुभ अवसर पर, धार्मिक व्यवहार में पुष्पकाल में जय-तप-होम-हवन-अनुष्ठान-पाठ-पुनश्चरण विछे विधान आदि सत्कर्म करने के लिये। किसी विद्वान पंडित पुरोहित ब्राह्मण के पास से उसके द्वारा जो सत्कार्य०अल्पकालीन या दीर्धकालीन, हाथ में नाडाछडी बाँधना, संकल्प करके सत्कार्य जैसे शास्त्र

नियम का पाठ पूजा-होम हवन सत्कर्म के पुण्य फल ये । उस पंडित पुरोहित को खुश करने के लिये तथा ऋण मुक्ति अथवा श्रम के फल के रुप मे वेतन जो दिया जाता है। उसे दक्षिणा कहा जाता है। जिसका जितना कर्म होता है। उस में वह पुरुषार्थ किये रहता है। परिश्रम के अनुसार उसकी योग्य धन सम्पत्ति दिया जाये । उसे दक्षिणा कहते है । कठोपनिषद में एक कथा आती है । जिसमें पिता उदालक और नचिकेता का संवाद है । पिता उदालक ब्राह्मण के पास से श्रेष्ठ यज्ञ कराये थे । दक्षिणा देते समय उनके पास जो वृद्ध और अशक्त जो गायें थी । उन गायो को दक्षिणा में दिये थे । अयोग्य दक्षिणा देने के कारण लोक तथा शास्त्रो ब्राह्मणो को परिश्रम के आधार पर दक्षिणा देना चाहिए। इस से ही सार्थक फल प्राप्त होता है।

दक्षिणा को उधार नही रखना चाहिए । क्योकि कार्य पूर्ण होने के बाद जो बीच में रात बीत जाती है। दो गुना दक्षिणा देना पडता है । जप-तप-विधि-विधान में दक्षिणा की मात्रा पूर्व निर्धारित करने में कोई नियम नही लागू पडता है । यजमान यदि ब्राह्मण को दक्षिणा देकर खुश नही कर सकता तो उसे यथार्थ फल नही मिलता है।

श्रीमद् भागवत के तीसरे स्कंध में कथा है । कि स्वप्रभु मनु को शतरुणा राजी से आकृति-देवहुति और प्रसुति नाम की तीन कन्या हुई । और उत्तरायण प्रियवर्त नाम के दो पुत्र हुए । उसमें से आकृति नाम की पुत्री ने रुचि नाम के पत्नी आकृति को यज्ञपुरुष परब्रह्म परमात्मा का ध्यान करके एक कुंड बनाकर आहुति समिधा सहित भगवान श्री विष्णु के बीचमंत्र के द्वारा दीर्ध काल तक होम करते रहे। ऋषि के पूजा प्रार्थना के प्रभाव से साक्षात् भगवान यज्ञ स्रुप औऱ लक्ष्मी के अंश से दक्षिणा स्त्री रुप में प्रगट हुए । तब रुचि ऋषि लग्न के पूर्व पुत्रिका धर्म के वचन से अर्थात् मनुराजा ने पुत्री दान करते समय वचन माँगे थे । कि हमारे पुत्री के द्वारा पुत्र का जन्म होगा तो मुझे देना । उस वचन से बंध गये थे । रुचि ऋषि यज्ञ भगवान पुत्र रत्न और दक्षिणा नाम की पुत्री अपने पास रखकर स्वयं मनु अथवा ससुर को दे दिये । इसके बाद यज्ञ भगवान और लक्ष्मीरुप दक्षिणा की शादी किये । उसी समय से यज्ञ, होम, हवन, जप, तप, पाठ, पुनश्चरणं में यज्ञ भगवान की सुशी के लिये धन रुपी दक्षिणा का संयोग अर्थात् मिलन युगल स्वरुप की स्थापना के प्रतीक रुप मे यजमान की तरफ से दक्षिणा को और पंडित की तरफ से यज्ञ स्वरुप भगवान का आदान प्रदान करके अपनी पूजा में करते है। विना दक्षिणा दिये पाठ-पूजा- का फल नही मिलता है । यज्ञ नारायण और दक्षिणादेवी के संयोग इस सत्कर्म हेतु पूजा और दक्षिणा के रुप में करते है।

श्री स्वामिनारायण भगवानने शिक्षापत्री श्लोक १४७ में कहे है कि । ''गृहस्थ आश्रम से अपनी आमदनी का दशांश भाग या विसवा भाग श्री कृष्णौ को अर्पण कर देना चाहिए ।'' यहाँ पर समर्पण का भाव श्रीहरिने कहा है । श्रीजी महाराज द्वारा स्थापित मंदिरो में देव के चरण में समर्पित किया जाये । उसे धर्मादा कहा जाये । लेकिन मेरा मंदिर में इतना सहयोग है । इस प्रकार के संकल्प से धन छोडने की भावना व्यक्त नही होती है। धन की ममता का त्याग नही कहा जायेगा । जब तक ममत्व त्याग न हो तो उस धन को समर्पित नही किया जा सकता है । लेकिन जब ''तेरा तुझको अर्पण'' करने पर वस्तु लौकिक नही रह जाती है। यह भक्ति का रुप बन जाता है । ऐसी निष्काम भक्ति भवत के लिये कल्याणकारी हो जाती है। श्रीहरि ऐसे दानी को अपने अक्षरधाम में पार्षद की कतार में रख देते है। वे पदार्थ और भक्त दिव्य रुप के हो जाते है । अर्थादान दक्षिणा या दयादान भगवान को समर्पण करके भक्त और मोक्ष कल्याण के निमित्त बन जाते है।

# श्रीहरि के वंशज के मुरव से अमृतवचन

लेखक : गोरधनभाई वी. सीतापरा ( हीरावाडी-बापूनगर )

**अह्मदाबाद पूर्व क्षेत्र में मंदिरो के संयुक्त भागीदारी से शाकोत्सव के अवसर पर ता. ०२-०१-२०२२ :** शाकोत्सव हो या पाटोत्सव, बहुत कम ही ऐसा अवसर आता है कि, सम्पूर्ण पूर्व क्षेत्र के हरिभक्त इस प्रकार एक स्थान पर बडी संख्या में इकट्ठे हुए है। यह हम सब के लिये गौरव की बात है। हमारे आराध्यदेव एक है। अपना सिद्धान्त एक है। ऐसा उत्सव और समैया हम लोग जो मना रहे है। वे नरनारायणदेव एक है। महाराज चबूतरे पर खडे रहकर महिमा कहे है। हमारे तथा इस नरनारायणदेव में कोई अन्तर नही माने। नरनारायणदेव अपने मध्य में है। और साक्षात् है। बद्रिकाश्रम में रहकर केवल हम लोगो के लिये तपस्या करे रहे है।

महाराजजी गद्दी पर जब बिराजमान हुए। उस समय गुरु रामानंद स्वामी से तीन वरदान मागे। प्रथम वरदान में माँगे कि हमारे भक्त अर्थात् क्या ? इस शब्द को समझना आवश्यक है। मेरा अर्थात् ऐसा हरिभक्त जो शिक्षापत्री के मर्यादा का पालन करता हो। जो सिद्धान्त का पालन करता है। वह कभी भी अन्न, धन, वस्तु से दुखी नही होता है। महाराज और नंद संत गाँव-गाँव में घुमकर परिस्थिति का सच्चा निर्माण किये। तभी तो हम लोग कितने सुखी है। हमलोगो के पास ए.सी. है। गाडी है मकान सब कुछ है। हम लोगो को मात्र यह करना है कि नरनारायणदेव के होकर रहे। इसके अलावा छुटकारा भी नही है।

इस तरह के सत्संगी थोडे भोले है। कई लोग आकर भ्रम में लायेगे। मीठे बोलने वाले कई होते है। सत्य बोलने वाले कम है। सिद्धान्त से जुडकर रहे यह कोई मेरा आदेश नही है। महाराज की आज्ञा है। स्वामिनारायण भगवान ने संविधान में कहे है। आचार्य महाराजश्री जीने मूर्ति की प्रतिष्ठा किये है। वही मूर्ति सम्प्रदाय में मान्य होगी। उसी प्रकार आचार्य महाराजश्री ने जिन संतो को दीक्षा दी है। वही संत स्वामिनारायण संत कहे जायेगे। दूसरे तो विमुख कहे जायेगे। भगवा कपडे में पावर नही होता। पावर नरनारायणदेव का है ? दूसरा कोई सिद्धान्त बताये। वह सत्य नही है। हमें सत्य के साथ मिलकर रहना है।

हरिभक्तो के इस समुदाय में परस्पर एकता रखकर नरनारयणदेव से जुड कर रहना चाहिए। क्योकि हम सब एक परिवार के सदस्य है। हम सब के बाप नरनारायणदेव है। यह समझ आ जाना चाहिए। नया वर्ष आ गया है। वास्तव में बदला कि नही इस समय देव की स्थिति कठिन समय में व्यतीत हो रहा है। इसमें रक्षा भगवान कर रहे है। वर्तमान समय में सावधानी रखना है। सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक मंदिर में कार्यक्रम हो रहा है। इसी प्रकार पर्व भी मनाया जायेगा। सभी परिवार पर्व में अवश्य आये। यहाँ के युवक, बहनो, वृद्धो का सहयोग उत्सव में अच्छा रहा है। विजय स्तम्भ की स्थापना के समय वोले थे समैया। और उत्सव तो किये है। लेकिन पर्व आज तक नही किया गया है। यह उत्सव जीवनमें सबसे बडा आ रहा है। यह अवसर बार-बार नही आता है। ता. २७-२-२०२२ से ५-३-२०२२ को ध्यान देकर पर्व मनाये और तन, मन, धन से सेवा करे।

इस प्रसंग में छोटा-बडा योगदान दिये है। रोटी बनाये हो। प्रकाश लगाये हो। पार्किग में सेवा दिये हो। सभी को महाराज सुखी करे। परिवार वालो का स्वास्थ्य अच्छा रहे। दिन-प्रतिदिन नरनारायणदेव की महिमा बढती रहे। ऐसे श्री नरनारायणदेव के चरणो में प्रार्थना है।

यहाँ पर उल्लेखनीय है कि महानव्यक्ति मर्म को बताकर मात्र दिशा निर्देश देते है। लेकिन हम लोग इस

कलियुग में अपनी जीवात्मा को कल्याण हेतु अत्यधिक सावधानी पूर्वक कृत्य करना चाहिए । वर्तमान समय हमें ऐसे भगवाधारी संत मिलेगे तो अपने देश के आचार्य से दीक्षा भी लिये रहते है । लेकिन श्रीहरि के द्वारा देश विभाग के मर्यादा के बाहर, आचार्यश्री के मार्गदर्शन बिना भगवान के स्वरुप देव, आचार्य और शिक्षापत्री को पहचाने बिना अपने तरीके से समाज को सुधारने के लिये स्वामिनारायण नाम से समाज सुधारक और संसार के साधु बन गये है। अपने स्वयं ट्रस्टी बनकर सर्वे - सर्वावन गये है । आचरण के आडंबर से और प्यारी वाणी से आकर्षित करते है । संसार के लोगो के दु:नी नस की पहचान उनहे हो गई है । इस लिये अपने हित में यह है कि अपने देश और धर्मकुल के मंदिर के पू. महंतश्री से पूछकर सहमति लेना चाहिए न कहने पर नही जाना चाहिए । यह अपने हित में है।

**भारत वर्ष के गणतंत्रात्मक दिन के पर्व के उपलक्ष में (स्थल, पर्व महामहोत्सव का मैदान २६-१-२०२२)**

**प.पू. महाराजश्री :** इ.स. १९५० में अपने देश का संविधान लागू हुआ । उसी दिन से गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। देश का संविधान हमे रहने, कर्म सुधारने के लिये है । जैसे देश का संविधान है । उसी प्रकार अपने सम्प्रदाय का भी सविधान है । यह देश, विभाग का लेख है । जिस में महाराजने सम्प्रदाय के हित हेतु आज्ञा को समावेश किये है । इस लेख का अभी तक यदि आप नही पढे है । तो ले जाकर अवश्य पढे । न हो तो बताये हम आप को देगे । बाद में तिलक लगाना सफल होगा । हल्ले के पानी में तैरना और समूह में रहना अच्छा होता है । और यह सर्वोत्तम भी है।

अ.नि. पंडित जसराजजी के परम शिष्य श्री निरवभाई अति सुंदर गीत गाते है । इनकी इस कला का लाभ हम लोग ''पर्व'' के टाईटल सांग में कर रहे है । पू. बापजी के रजत-स्वर्ण जयंती से बचे धन से छपैया मुख्य मंदिर का निर्माण किया गाय । उसी प्रकार पर्व महोत्सव में जो धन बचेगा । उसका उपयोग छपैया के पूर्ण उद्धार हेतु किया जायेगा । जिसका अनुमानित खर्च १५२ करोड जितना है । भगवान जैसे भगावन बैठे है । कोई कार्य रुकता नही है । अपने हिस्से में नरनारयणदेव और महाराज की जन्मभूमि आयी है । इससे अधिक कुछ नही है।

**प.पू. लालजी महाराजश्री :** आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर पर्व के उपलक्ष्य में देस भक्ति युक्त इतना बडा कार्यक्रम हुआ है । इसका उद्देश्य यह है कि अपने सत्संगि अच्छे नागरिक तथा देश भक्त बने । क्योकि भरतखंड के राजा श्री नरनारायणदेव अपने उनके आश्रित है । हम अपने समैया और उत्सव में राष्ट्र भक्ति का कार्यक्रम करते ही रहते है । इस में सैनिक, सीमा, सुरक्षादल, C.R.P.F. तथा R.A.F. के जवान राष्ट्र के लिये अपने प्राण की आहुती देने वाले शहीदो, कोरोना काल में पुलिस के लोगो को रहने-भोजन तथा आइसोलेशन की व्यवस्था करते है । इससे राष्ट्र भावना का विकास होता है।

**प.पू. बड़े महाराजश्री :** इस भूमि पर जब पैर रखते है । एक दिव्य तरंग का अनुभव होता है । हम लोग कहते है । इस जगह का चयन हमने किया है । लेकिन वास्तव में इस भूमि का चयन महाराज स्वयं किये है । महाराज का उद्देश्य करोडो लोगो के कल्याण का है । इस पर्व का दर्शन ( ग्राउन्ड ) बाहर से भी करेगा । उसका कल्याण हो जायेगा । महामहोत्सव की जानकारी नरनारायणदेव ने सौंपा है । महाराजने वचनामृत में कहे है कि उत्सव तुलसी पत्र से या लाखो के खर्च से ही वह नरनारायण की ईच्छानुसार ही होता है । नीरजभाई को सहृदय अत्यंत भाव से शीर्षक गीत गाये है । उन्हे अत्याधिक धन्यवाद । उत्सव अत्यंत दिव्य रुप से हो । इसके लिये महाराज के चरणो को वंदन हो ।

## अहमदाबाद शहर के समीप श्री स्वामिनारायण भगवान के प्रसादी के गाँव

# कडी

संकलन : प्रफुल खरसाणी





- अहमदाबाद कालुपुर मंदिर से सडक द्वारा १ घंटा २३ मिनट
- अमहादाबाद हवाई अड्डा से १ घंटा २ मिनट

उत्तर गुजरात में अर्थात् दंढाव्य प्रदेश में स्थित ऐतिहासिक महान कडी शहर में भगवान श्री स्वामिनारायण अपने संतो, पार्षदो तथा अपने आश्रितो के साथ बार-बार आये थे। और कडी नगर में निवास करने वाले भक्तजनो को मनोरथ पूर्ण करके मोक्ष का भागी बनाये है। साथ ही साथ अपने चरणो से अंकित उस धरा को पवित्र किये है। कडी मेहसाणा जिले की एक तहसील है। अहमदाबाद से रेल्वे द्वारा तथा एस.टी. बस द्वारा कडी जाते है। वर्तमान में कडी विकास कर रहा है। तथा कुंडाल गाँव की समानता कर रहा है।

**श्रीहरि ने कडी के कालाब में पानी हमेशा भरा रहे ऐसा वरदान दिये थे।**

एक बार भक्तवत्सल भगवान श्रीहरि संत, पार्षद तथा काठी घुडसवारो के साथ दंढाव्य देश में धुमते हुए कुंडाल गाँव में पधारे थे। कुंडाल गाँव में कला भक्त तथा अन्य भक्तोने मनोरथ को पूर्ण करके नगर के विशाल सरोवर पर आये थे। इसके बाद अपने पार्षदो तथा हरिभक्तो सहित सरोवर के किनारे बिराजमान हुए। भावसार भक्तो से कपडा घुलने के कष्ट को पूछे थे। हे भक्तजन तालाब में पानी क्यो नही रहता है? उसका कारण मुझे बताओ। इस प्रकार भगावन के पूछनेप र लोग उस वृत्तांत को बताये



। हे दयालु प्रभु ! इस कडी नगर कोई चारण जाति की पतिव्रता औरत रहती थी । वह स्त्री व्रत-उत्सव पूर्ण निष्ठा के साथ करती है । तथा अभक्ष्य वस्तु नही खाती है । वह एक पवित्र स्त्री थी । जब सरोवर की खुदाई चल रही थी । उस में से कोई एक कामी पुरुष उस स्त्री को रुप को देखकर मोहित हो गया था । उसके पास आकर बोला है रुपवती ! अनेक पक्षीयो के कलरववाला तथा निर्मल जलवाला तथा रमणीय वातावरण में इस सरोवर में मेरे साथ रमण करो । हे अबला ! यह विशाल सरोवर भी तुम्हारी जैसी स्त्रियो के साथ रमण के लिये ही किया गया है । वह पुण्य के लिये नही खुदवाया गया है । कामी पुरुष की इस बात को सुनकर पतिव्रता चारण स्त्री क्रोधित होकर बोली ! हे दुष्ट पुरुष ! ऐसे खराब वचन जिस उद्देश्य से कह रहे हो । इस सरोवर में अब जल नही रहेगा । तुमको नरक का भागीदार बनना पडेगा । हे मूर्ख ! यह मेरी वाणी सत्य होगी । कभी असत्य नहीं होगी । वह श्राप देकर अपनी घर पर आ गयी । हे प्रभु तब से आज तक इस तालाब में जल नही रहता है । यह सुनकर श्रीहरि भक्तो से बोले । हे प्रिय भक्तो ! मेरे बचन से यह सरोवर आज से जलमय हो जायेगा । आप अपना वस्त्र रंगे आरधुले । इसमें कोई संदेह नही रहे ।

परमकृपालु परमात्मा भगवान श्रीहरि जिस दिन यह बात बोले विना वर्षा के हरिकृष्ण से जलाशय जल से पूर्ण हो गया । ऐसा आश्चर्य देखकर सभी भक्तजन खुश हो गये । इसके बाद भगवान श्रीहरि, संतो, पार्षदो के साथ चुंवाल देश की तरफ प्रयाण किये ।

इस तरह अक्षराधिपति पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान श्री स्वामिनारायण चरण से स्पर्शित होकर पवित्र हो गया । इस सरोवर के किनारे श्रीहरि की छत्री बना कर रखी गई है ।

श्री स्वामिनारायण म्युज़ियम

# श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से

## श्री स्वामिनारायण म्युजियम में पंजीकृत श्री महाविष्णुयाग यज्ञ की सूची - जनवरी-२०२२

| | |
|---|---|
| दि. ०२-०१-२०२२ | ( प्रात ) प.पू. स.गु. शा. स्वामी हरिकेशवदासजी की प्रेरणा से प.भ. शारदाबेन कांतिभाई पटेल के हाथो द्वारा भद्रेशभाई तथा शैलेषभाई – नांदोल<br>( दोपहर ) प.भ. जिगरभाई जगदीसभाई पटेल ( राजपुरवाले ) |
| दि. ०५-०१-२०२२ | अ.नि. रसिकलाल नागरदास शाह परिवार – प्रेरक स.गु. स्वामी कृष्णप्रसाददासजी टोरडा महंतश्री |
| दि. ११-०१-२०२२ | प.भ. लताबेन जीतेन्द्रभाई पटेल – असलाली – वर्त ध्रुव पटेल |
| दि. १४-०१-२०२२ | ( प्रातः ) अ.नि. भीमजी मावजी भूडिया परिवार के साथ<br>( दोपहर ) प.भ. मनसुख मावजी वेकरिया परिवार के साथ। |
| दि. २३-०१-२०२२ | प.भ. जयमिन नंदलाल पंचाल – नवावाडज – वर्तमान मे कनाडा |
| दि. २५-०१-२०२२ | प.भ. नारमभाई हरगोविंददास पटेल – कलोल वाले – ह. चि. हर्षदभाई के यहाँ पुत्र तरंग के जन्म पर आस्ट्रेलिया। |
| दि. २६-०१-२०२२ | कुमारी निधि रजनीकांत रमणलाल भावसार – नवा वाडज – वर्तमान कनाडा |
| दि. ३०-०१-२०२२ | प.भ. जगदीशभाई केशवभाई पटेल – राणीप |

## श्री स्वामिनारायण म्युजियम में भेट देनेवालों की नामावलि - जनवरी-२०२२

| | |
|---|---|
| रु।. ७५,०००/- | प.भ. देवारम वेलजी राबडिया तथा पुष्पा देवराम राबडिया – ह. दिक्षित, शीतल तथा शारदा |
| रु।. ५१,०००/- | प.भ. रामजी वालजी जेसाणी – बलदिया–कच्छ धर्मपत्नी मानबाई |
| रु।. ५१,०००/- | प.भ. डाह्याभाई नारणदास पटेल, धर्मपत्नि विमलाबेन डाह्याभाई पटेल – अहमदाबाद |

**शुभ प्रसंग पर भेंट देने के योग्य अथवा व्यक्तिगत संग्रह के लिये – श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा वाला ५/१०/२० ग्राम चांदी का सिक्का म्युजियम में प्राप्त होता है।**

**सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. मोटा महाराजश्री प्रातः ११-३० को आरती उतारते हैं।**

સંપ્રદાયમાં એક માત્ર વ્યવસ્થા શ્રી સ્વામિનારાયણ મ્યુઝિયમમાં મહાપૂજા / મહાભિષેક નોંધાવવા સંપર્ક કરો.
મ્યુઝિયમ મોબાઈલ:- ૯૮૭૯૫૪૯૫૯૭, પ.ભ. પરષોત્તમભાઈ - દાસભાઈ (બાપુનગર) : ૯૯૨૫૦૪૨૬૮૬
www.swaminarayanmuseum.org/com • email: swaminarayanmuseum@gmail.com

# भक्तिसुधा

**(प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री के आशीर्वचन में से) एकादशी सत्संग सभा के अवसर पर (कालुपुर मंदिर हवेली) "मन का संकल्प और भगवान के सन्मुख रखे"**

( संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर )

हम लोग कहते है कि कुसंग से दूर रहना चाहिए। यह एक दूसरी बात है कि जिससे सावधान रहना पडे उसे दुसंग कहा जाता है। दुसंग अर्थात् क्या ? जिसका साथ करने से अपना मनोबल कमजोर बने । ऐसे लोगो से बचना चाहिए। तो इसके लिये क्या करना चाहिए ? मन में नियम रखने के लिये क्या करना चाहिए। सभी वस्तु के नियम होते है ? ऐसे मन का भी नियम होना चाहिए।। जिस प्रकार वाहन चलाते समय ब्रेक और एक्सीलेटर का उपयोग करते है। इससे नियन्त्रण में रखते है। मन तो दिखाई नही देता है। लेकिन मन दौडाता है। इन्द्रियाँ उसी प्रकार से दौडती है । इन्द्रिय दोषी दिखाई देती है । ये विचार सर्व प्रथम मन में आता है। उदाहरणार्थ हम बोलते है कि इस व्यक्ति की जीभ कैची की तरह चलती है। बहुत तीखी है। इसके पीछे क्रिया करने वाला मन है। तो यहाँ पर क्या करना चाहिए ? वहाँ पर मन को संकल्पित करना चाहिए। पहले से निर्धारित करे कि हम सत्संगी है। मैं नरनारायणदेव का आश्रित हूँ। मुझसे यह कृत्य नही होगा । ऐसा 'संकल्प' करना चाहिए । यह कार्य करेगे । यह कार्य नही करेगे । दृढतापूर्वक नही कर सकते है तो भगवान के पास जाना अति कठिन है। इस पर विचार करना चाहिए । हमारे मन को कमजोर बनाने वाले प्रतिदिन मिलते है । जो समाचारपत्र, टी.वी. गाँव के चौपाल में अपने घर में मिलता है। उस समय अपने मन की संकल्पित करके सतकार्यो और संदवृत्तियो में लगाना चाहिए। इससे तकलीफ नही आयेगी। उदाहरण स्वरुप अच्छे आभूषण देखने गये हो और कोई कहे यह अच्छा गहना नही है तो आप फेंक देते है ? किसी का अच्छा घर देखकर अपना घर छोड देते हो । आप की नौकरी आप नही छोडते है । कभी आप से कोई कहे मंदिर जाने से आप को क्या मिला ? तब पुरानी बाते याद आती है ।आप शंका-कुशंका तर्क-वितर्क करने लग जाते है । इस संसार की लौकिक वस्तु किसी के कहने से छोडते नही है तो आप ''अलौकिक'' वस्तु छोडने के लिये क्यो तैयार हो जाते है। नाशवान सुख नही छोडते है । जो सनातन सत्य है । अखंड और अविनाशी सुख मिले तो आप क्यो छोडेगे। यह विचार करने वाली बात है । काल का प्रभाव ऐसा है कि विश्वास, कमजोर हो जाता है। ऐसी अवस्था में आप तैयार हो जाये तो काल का प्रभाव है। लेकिन मन को स्थिर रखना है तो भी जीव को ऐसा होता है। स्वयं की रक्षा करता है। मैं अपनी बुद्धि की प्रेरणा लेकर कार्य कर रहा हूँ। लेकिन प्रबल होता है। अपनी पूरी शक्ति लगाकर संसार को प्रभावित करता है । अपनी बात मनवाने के लिये बुद्धि ऐसा करती है। बुद्धि प्रेरणा देती है । इस आधार पर जीव कार्य करते है । इस समय कलियुग चल रहा है। वह अपना काम करा लेता है। हम समय को रोक नही सकते है । समय रोकने के लिये किसी से कहे आप घडी बंद कर दे तो क्या समय रुक

जायेगा । नही रुकेगा । इस प्रकार काल प्रभाव डालता है । हमे प्रमादी बनाता है । आलसी बना देता है । भगवान से सम्बन्धित प्रमाद आता है । संसार सम्बन्धी विवाह में जाना हो तो दस घंटे दूर हो तो भी जाते है । यदि विवाह में नही जायेगे तो हमारे शुभ काम में कौन आयेगा उस तरह का बहाना बनाकर लोग जाते है । मंदिर मात्र दस मिनट के दूरी पर हो तो भी आलस्य कर जाते है । इसमें अपना स्वार्थ होता है । काल का बहाना मिल जाता है । माया को हमने पकड़ रखा है ।माया ने हमे नही पकडा है । तो उस समय पर क्या करे । काल के भी काल तो भगवान है । उनके सामने हो तो अपना दुर्भाव हट जाता है । वहाँ पर ही मन का संकल्प तथा भगवान को सन्मुख रखना चाहिए । मन को कमजोर नही करना चाहिए । मन से चले या नही चले । यह अपना स्वतंत्र पुरुषार्थ है । कोई कुछ भी कहे । आशा-तृष्णा दिखाई दे तो आप का तथा आपके परिवार का भूतकाल तब सोचे ! प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कई अवसर आता है कि अब सब कुछ समाप्त हो गया है । अब हम फँस गये है । इससे बाहर नही आ सकते है । सारी धन दौलत बेकार हो जाती है । किसी को मानसिक दुःख शारीरिक दुःख, पैसे का दुःख जीवन में आता ही रहता है । फिर भी महाराज इस परिस्थिति से हम सभी को बाहर लाते है । ये हमे आगे नही बचायेगे ? अवश्य रक्षा करेगे । हमे अंत तक यहाँ आये है । हम नरनारयणदेव के चौक में बैठे है । विश्वास रखे । हम अपने चालाक बुद्धि से भवसागर पार नही कर सकते है । वे किसी भी रुप में रक्षा करते है । वे आते ही है । लेकिन हमे पता नही चलता है । संसार विश्वासघात करता है । भरोसा तोडता है । आप का भरोसा नही टूटता है । कुछ समय के लिये संसार से उदासीन हो जाते है । लेकिन स्थायी नही होती है । महाराज प्रति दिन भरोसा दिलाते है । प्रतिदिन बचाते है । महाराज प्रत्यक्ष नही आते है ।क्योकि अपनी योग्यता ही नही होती है । प्रतिदिन अपने साथ रहते है । किसी के बुद्धि में आकर सहायता करते है । महाराज दूसरे के माध्यम से सहायता करते है । यह याद रखे । महाराज किसी न किसी को प्रेरणा देते है । तभी आप की कोई सहायता करता है । तब धन्यवाद तथा प्रार्थना भगवानकी करना चाहिए । भगवान अपनी सहायता करते है । यह हम समझ और पहचान सकते है । ऐसी पवित्र बुद्धि भगवान हम सभी को प्रदान करे ।

## SHREE SWAMINARAYAN TEMPLE - KALUPUR

### BANK DETAILS FOR ONLINE / CHEQUE DONATION PURPOSE

**STATE BANK OF INDIA**
NAVRANGPURA BRANCH, AHMEDABAD
BENEFICIARY NAME - SHREE SWAMI NARAYAN MANDIR TRUST
A/C. NO. 62303101798
IFSC : SBIN0003096
MICR CODE : 380 002 029

**INDIAN BANK**
G S HIGH WAY BRANCH, AHMEDABAD
BENEFICIARY NAME - SHREE SWAMI NARAYAN MANDIR TRUST
A/C. NO. 50379847476
IFSC : IDIB000G523
MICR CODE : 380 019 038

**BANK OF INDIA**
RELIEF ROAD BRANCH, AHMEDABAD
BENEFICIARY NAME - SHREE SWAMI NARAYAN MANDIR TRUST
A/C. NO. 201310100027259
IFSC : BKID0002013
MICR CODE : 380 013 027

# सत्संग समाचार

### श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर खरमास की धुन महोत्सव

